इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन कराए हुए विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म अब विस्तारित अवधि में दिनांक 08.10.2022 तक भरा जाएगा।

विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म समिति की वेबसाईट inter23.biharboardonline.com के माध्यम से शिक्षण संस्थानों के प्रधान द्वारा भरा जाएगा।

साथ ही जिन विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन विवरणी में कोई त्रुटि है, तो उसका सुधार भी शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा इसी अवधि में किया जाएगा।

रजिस्ट्रेशन कार्ड में अंकित विभिन्न विवरणी यथा- विद्यार्थी के नाम, उनके माता/पिता के नाम, फोटो, जन्मतिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय, परीक्षा का माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) में ऑनलाईन सुधार किया जा सकता है।

इस प्रकार, जिस विद्यार्थी के रजिस्ट्रेशन कार्ड में त्रुटि है, सबसे पहले उनके रजिस्ट्रेशन कार्ड में ऑनलाईन सुधार किया जाएगा और उसके बाद ही उनका परीक्षा फॉर्म दिनांक 08.10.2022 तक भरा जाएगा।

ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरने या शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0612-2230039 पर संपर्क किया जा सकता है।